भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह का आयोजन

भारतीय वानिकी अनुसन्धान एवं शिक्षा परिषद् में दिनांक 27 सितम्बर 2023 को हिंदी पखावाड़े का समापन समारोह आयोजित किया गया।हिन्दी के प्रचार-प्रसार हेतु भा.वा.अ.शि.प. में दिनांक 14 से 27 सितम्बर 2023 तक हिन्दी पखवाड़े का आयोजन किया गया था। इस अवसर पर श्री अरुण सिंह रावत, महानिदेशक,भा.वा.अ.शि.प.,देहरादून मुख्य अतिथि थे।

इस अवसर पर महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., श्री अरुण सिंह रावत ने विगत वर्षों में परिषद में हिंदी में काम काज में हुई सराहनीय वृद्धि पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने बताया कि भा.वा.अ.शि.प. के 'ग' क्षेत्र स्थित सभी संस्थानों ने राजभाषा के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर लिया है 'क' क्षेत्र स्थित संस्थान लक्ष्य के काफी करीब हैं। उन्होनें कहा कि हमारा लक्ष्य केवल भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति ही नहीं बल्कि यह हमारा नैतिक दायित्व भी है कि हम हिन्दी में अधिक से अधिक कार्य करें। इस अवसर पर उन्होनें राजभाषा हिंदी में उत्कृष्ट कार्य करने हेतु परिषद् के 'क' क्षेत्र स्थित संस्थानों में भा.वा.अ.शि.प.- हिमालयन वन अनुसंधान संस्थान, शिमला एवं 'ग' क्षेत्र स्थित संस्थानों में भा.वा.अ.शि.प.- वन आनुवंशिकी एवं वृक्ष प्रजनन संस्थान, कोयम्बटूर को पुरस्कार प्रदान किया।

महानिदेशक महोदय ने परिषद में पखवाड़े के दौरान होने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में कार्मिकों की भागीदारी की सराहना की और कहा कि हिंदी के प्रति यही उत्साह हमें सम्पूर्ण वर्ष के दौरान कायम रखना है। उन्होने पखवाड़े के दौरान आयोजित हुई नौ प्रतियोगिताओं के 49 विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए। इस अवसर पर हिंदी के कार्यान्वयन में उत्तरोत्तर प्रगति में महानिदेशक महोदय के मार्गदर्शन एवं योगदान के लिए हिंदी प्रकोष्ठ की तरफ से डॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक (विस्तार) द्वारा सम्मानस्वरूप शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर डॉ. सुधीर कुमार, उपमहानिदेशक (विस्तार) ने स्वागत भाषण के दौरान राजभाषा हिन्दी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए हिन्दी पखवाड़ा के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं का विवरण देते हुए बताया कि इस वर्ष हिन्दी पखवाड़ा के दौरान कुल 9 प्रतियोगिताएं यथा, टिप्पण लेखन, शब्द संधान, निबंध, अंग्रेजी से हिन्दी अनुवाद, वाद-विवाद, राजभाषा हिन्दी प्रश्नोत्तरी, कम्प्यूटर पर हिंदी टंकण, अंत्याक्षरी एवं स्वरचित हिन्दी काव्यपाठ आयोजित की गईं, जिनमें कुल 98 प्रतिभागियों ने अत्यंत उत्साह से भाग लिया। उन्होंने सूचित किया कि भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा पुरस्कारों के अंतर्गतवर्ष 2022-23 के दौरान अपने शासकीय कार्यों में हिन्दी क्रियान्वयन में समग्र प्रदर्शन हेतु भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के 09 कार्मिकों एवं 03 संविदाकर्मियों को भा.वा.अ.शि.प. राजभाषा प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।

विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नामों की घोषणा श्रीमती अंबिका प्राजुली, हिंदी अनुवादक द्वारा की गई। कार्यक्रम का समापन डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक, (मीडिया एवं विस्तार) द्वारा धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। समापन समारोह में श्री अरुण सिंह रावत, महानिदेशक, भा.वा.अ.शि.प., डॉ. सुधीर कुमार, उप महानिदेशक (विस्तार), डॉ. ए.एन. सिंह,सहायक महानिदेशक, पर्यावरण प्रबंधन, श्री सुशांत कुमार, सहायक महानिदेशक, प्रशासन, डॉ. विनयकांत मिश्रा, सहायक महानिदेशक, शिक्षा एवं भर्ती बोर्ड, डॉ. गीता जोशी, सहायक महानिदेशक, (मीडिया एवं विस्तार), तथा भा.वा.अ.शि.प. मुख्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

हिंदी पखवाड़ा समापन समारोह की कुछ झलकियां